हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 28 फरवरी, 2022/9 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[जल शक्ति मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 39

तटीयकरण

***4648 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ब्यास फ्लड प्रोटैक्शन जोन के तहत जो खड्डें आती हैं उनका तटीयकरण कार्य अभी तक नहीं हो पाया है; और

(ख) सरकार ब्यास फ्लड प्रोटैक्शन जोन के अन्तर्गत खड्डों के तटीयकरण करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

पंचायत में अनियमितताएं

***4649 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विकास खंड संगड़ाह के अन्तर्गत कोटी धीमान पंचायत में प्रधान के विरुद्ध क्या-क्या अनियमितताएं पाई गई हैं; विभाग ने प्रधान के विरुद्ध एफ0 आई0 आर0 दर्ज करवाई है; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

महाकाल मंदिर एवं घाट विकास

***4650 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक महाकाल मंदिर एवं घाट के विकास हेतु क्या-क्या नए निर्माण कार्य किए गए हैं; इस हेतु कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा कितने नए कार्य किए जाने प्रस्तावित हैं?

Kerosene Supply

***4651 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies and Consumer Affairs Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that Kerosene is no longer being supplied in Depots; and

(b) whether the Government has any plan to start the supply of Kerosene in Depots; details be given?

विद्युत मण्डल कार्यालय

***4652 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरचौक में सरकार विद्युत मण्डल का कार्यालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

***4653 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) विकास खण्ड बिझड़ी के अन्तर्गत पंचायतों में पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, तकनीकी सहायक और ग्राम रोजगार सेवकों के कितने पद कब से रिक्त पड़े हैं; पंचायतवार ब्यौरा दें;

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ग) विकास खण्ड बिझड़ी के अन्तर्गत नई पंचायतें दैण, पतेरा, जनैहण और कोहडस के पंचायत भवनों का निर्माण कर दिया गया है; यदि नहीं, तो पंचायत कार्यालय किन भवनों में खोला गया है तथा पंचायत भवन न बनाने के कारणों सहित ब्यौरा दें?

मिनी सचिवालय

***4654 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मिनी सचिवालय का कार्य आरम्भ कर दिया गया है; यदि हां, तो लागत सहित ब्यौरा दें?

जल सुविधा

***4655 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू व डोडरा-क्वार मण्डल के तहत जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कितने घरों को नए नल व कनैक्शन दिए गए और कितने घरों को पुराने कनैक्शन से नए कनैक्शन में जोड़ा गया; और

(ख) जल जीवन मिशन से पहले इस मण्डल के अधीन कितने कनैक्शन थे; इन पर कितनी धनराशि खर्च हुई; ब्यौरा नए तथा पुराने कनैक्शन के लोगों के नाम व पते सहित दें?

मुख्य मंत्री लोक भवन

***4656 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भोरंज में स्थित मुख्य मंत्री लोक भवन का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Play Ground

***4657 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that what is the latest position

of construction of play ground at GSSS Kandaghat and by when it will be completed?

सीर-खड्ड तटीयकरण

***4658 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा सीर-खड्ड के तटीयकरण हेतु क्या योजना तैयार की गई है; सरकाघाट, घुमारवीं और झण्डुता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कम्पोनेंट अनुसार गतिविधियों व धनराशि के प्रावधान सहित ब्यौरा दें;

(ख) इस योजना में जल स्तर बढ़ाने हेतु डाईक्स निर्माण की व्यवस्था की गई है; और

(ग) सीर-खड्ड में जल संरक्षण हेतु और क्या-क्या पग उठाए जा रहे हैं ताकि पानी व सिंचाई योजनाओं में वर्ष भर जल स्तर उपलब्ध रहे?

बेसहारा पशु

***4659 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बेसहारा पशुओं को नियंत्रित करने हेतु क्या पग उठा रही है?

Purchase of Apples through MIS

***4660 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the calendar year 2021, what was the total quantity of apple purchased through the MIS; give details of each center and the agency through which they were procured; and what quantity of the fruit was used for processing and all by products are manufactured by the fruit processed units and at what price are they sold;

(b) was the procured fruit auctioned and to whom and at what price; provide a detailed list of all the persons with their address and what is the procedure of collecting the money of the auctioned fruit and is this fruit sold in the open

market and at what price;

(c) by when will the money of the farmers be given to them and is the HPMC and Himfed giving the money in kind; if yes, what all items are given; provide a detailed list; and

(d) from where are these items purchased and at what cost; what is the selling price of these commodities to the farmers and what is the price of these commodities in the open market?

Jobs in Himachal

***4661 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many Himachalis have been provided jobs in different Hydel Projects in the State; and

(b) if not, why is this Contrary to the MOU Signed regarding providing employment; details be given?

पेयजल सुविधा

***4662 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितनी नदियों और खड्डों को आपस में जोड़ा गया है, इन पर कितने डैम निर्मित किए गए व इन डैमों से कितने हैक्टेयर भूमि की सिंचाई होती है तथा कितने गांवों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है; ब्यौरा दें?

मुआवजा

***4663 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला किन्नौर में वर्ष 2021 में सेब की फसल को हुए नुकसान का सरकार द्वारा 13.23 करोड़ रुपये का मूल्यांकन किया गया परन्तु सरकार ने एक भी बागवान को सेब की फसल को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का मुआवजा नहीं दिया

है; और

(ख) सरकार कब तक बागवानों को प्राकृतिक आपदा से हुए फसल के नुकसान के मुआवजे की धनराशि को प्रदान करने का विचार रखती है; क्या सरकार ने प्रत्येक बागवान का उनकी सेब की फसल के नुकसान का मूल्यांकन किया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***4664 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उद्यान विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; श्रेणीवार, मण्डलवार व उप-मण्डलवार ब्यौरा दें; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

स्वचालित मशीनरी

***4665 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी उठाऊ पेयजल व सिंचाई योजनाएं कार्यरत हैं तथा इनमें किन-किन योजनाओं में स्वचालित मशीनरी की सुविधा है; ब्यौरा दें; और

(ख) जिन योजनाओं में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है उनमें स्वचालित मशीनरी सुविधा कब तक प्रदान कर दी जाएगी व इस पर कितना व्यय होगा?

नया उप-मण्डल

***4666 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सुन्दरनगर में मृदा संरक्षण का उप-मण्डल खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी

***4667 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी के भवन निर्माण हेतु भूमि कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी तथा निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

श्रमिकों को भुगतान

***4668 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में मनरेगा के अन्तर्गत श्रमिकों को कई महीनों से वेतन/मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है; यदि हां, तो इन श्रमिकों को भुगतान कब तक कर दिया जाएगा; धनराशिवार व श्रमिकों की संख्या का जिलावार विवरण दें?

राहत राशि

***4669 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि अक्तूबर, 2021 में बर्फ़बारी से बागवानों के सेब के बगीचों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए मु0 4,60,00,000/- (चार करोड़ साठ लाख रुपये) राहत राशि प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया था; यदि हां, तो सरकार कब तक बागवानों को राहत राशि प्रदान करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

विज्ञान भवन / ददाहू महाविद्यालय

***4670 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजाना में विज्ञान भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा;

(ख) राजकीय महाविद्यालय ददाहू में छात्रों की संख्या कितनी है; इसमें कितने शिक्षक कार्यरत हैं; और

(ग) अभी तक महाविद्यालय का भवन न बनने के क्या कारण रहे हैं; कारण सहित ब्यौरा दें ?

शिवा क्लस्टर

***4671 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिवा क्लस्टर सेहल और धानग में कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; इन क्लस्टरों का कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; और

(ख) सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र में और क्लस्टर लगाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

Government Senior Secondary School Telka

***4672 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the building of Government Senior Secondary School Telka was dismentled some time back; and

(b) as the construction of new building was given in MLA Priority for school buildings; how much money has been allocated for this work; by when the work is expected to start?

सुकेती खड्ड का चैनेलाइजेशन

***4673 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सुकेती खड्ड के चैनेलाइजेशन हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है व इसके कार्य को आरम्भ करने में विलम्ब के क्या कारण हैं तथा किन-किन अन्य नालों को इस खड्ड के साथ चैनेलाइज किया जाएगा; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***4674 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि यह सत्य है कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों हेतु भवन निर्माण स्वीकृत किए गए हैं; यदि हां, तो नाम व लागत सहित ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***4675 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलूं, मचोटी, मारली, बरतु, खश्धार, गोंसारी व रणोल के भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ये कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

मुआवज़ा

***4676 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने दिनांक 12-07-2021 को मांझी खड्ड, तहसील व जिला कांगड़ा में हुए नुकसान की भरपाई हेतु मुआवज़ा प्रदान किया है; यदि हां, तो नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

Fruit Barriers

***4677 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) how many fruit barriers are there in the State; under what provisions of law are they established and who control them; how much tax/ levy/ fee is deducted on these barriers; provide details of collections made on these barriers in the calendar year, 2021;

(b) lay the copy of the Act/Rules/Government Orders on the Table of the House; under which act these collections are made; are these barriers

permanent in nature and on all farm produce, collections are being made on these barriers; and

(c) what is the procedure laid down under Law for ascertaining as to what amount would be collected; is it by weight item, value of the product or any other method; provide a copy of the procedure laid under Law for such collections?

Land to Landless

***4678 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many landless people have been given 2/3 Biswas of land in Rampur Assembly Constituency; and

(b) how many landless people are still to be given 2/3 Biswas of land in Rampur Assembly Constituency; details be given?

मैगा प्रोजैक्ट

***4679 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक विद्युत विभाग द्वारा कौन-कौन से मैगा प्रोजैक्टों पर कार्य किया जा रहा है; और

(ख) इनकी अनुमानित लागत कितनी है तथा क्या इन प्रोजैक्टों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है?

पशु चिकित्सालय रूपी

***4680 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत कई माह से पशु चिकित्सालय रूपी बंद पड़ा है; यदि हां, तो कारण तथा इसे पुनः कब तक खोल दिया जाएगा; और

(ख) जिला किन्नौर में पशु चिकित्सा अधिकारी के 18 स्वीकृत पदों में से 7 पद ही कार्यरत हैं व फार्मासिस्ट के 27 पद रिक्त होने के कारण पशु चिकित्सालय व डिस्पेंसरियां बंद पड़ी हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

*4681 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित व रिक्त हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

उच्च घनत्व वृक्षारोपण

*4682 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार कश्मीर की तर्ज पर उच्च घनत्व वृक्षारोपण कर प्रदेश के बागवानों को अनुदान प्रदान करने का विचार रखती है?

शिक्षक/गैर-शिक्षक

*4683 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर में एम0एल0एस0एम0 कॉलेज में शिक्षकों तथा गैर-शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; इन रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

अटल आदर्श विद्यालय

***4684 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रजैं में सरकार कब तक अटल आदर्श विद्यालय खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

बिजली बिल भुगतान

***4685 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31-01-2022 तक प्रदेश में एच0पी0एस0ई0बी0एल0 द्वारा बिजली बिल के भुगतान की कितनी बकाया धनराशि वसूली जानी है; और

(ख) इस अवधि के दौरान घरेलू , व्यावसायिक एवं औद्योगिक संस्थानों से बिजली बिल की लम्बित धनराशि का ब्यौरा वर्षवार दें?

राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला

***4686 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हिलौर के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।